हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 अगस्त 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम और 'हर घर तिरंगा' अभियान का नारनौल से शुभारंभ किया।

2. नारनौल मे यूथ मैराथन के विजेताओं को 25 हजार से एक लाख रुपए तक के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

3. हर घर तिरंगा अभियान के तहत पलवल और कैथल मे प्रदर्शनी लगाकर तिरंगे के बारे मे जानकारी दी गई ।

4. फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अंगदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन - लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया ।

5. संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही पवित्र कलश वंदन यात्रा का घरौंडा मे स्वागत किया गया ।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ नारनौल से किया।

मुख्यमंत्री ने नारनौल के नूनी शेखपूरा मोड़ पर यूथ मैराथन व तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नशा मुक्ति का संदेश दिया। हजारों युवा हाथों में तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वयं 5 किलोमीटर दौड़ में शामिल होकर युवाओं का हौसला ब□ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज़ है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की नई चेतना जगाई। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम नई पीढ़ी को उन बलिदानों से परिचित कराएँ, जिनकी बदौलत हमें यह आज़ादी मिली है। हमने संकल्प लिया है कि हर घर तिरंगा अभियान को हरियाणा के गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाया जाएगा। सरकारी विभाग, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और नागरिक समाज मिलकर इसे जनआंदोलन बनाएँगे। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल कुछ किलोमीटर की दौड़ नहीं है। यह स्वस्थ जीवन और नशे के अंधकार से उजाले की ओर बढ़ने का संकल्प भी है।

मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया और मैराथन के पुरुष एंव महिला विजेताओं को एक-एक लाख,50—50 हजार और 25-25 हजार रुपए का  नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, सांसद धर्मबीर सिंह, नारनौल विधायक औमप्रकाश यादव, महेन्द्रग□ से विधायक कंवर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव, यूथ मैराथन की ब्रांड ऐंबेस्डर व राष्ट्र मण्डल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शर्मिला धनखड़, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पंकज नैन और उपायुक्त अनुपमा अंजली भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

----------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज हिसार मे एक निजी स्कूल के नए भवन, आधुनिक कक्षाओं व अन्य सुविधाओं का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने हरियाणा में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 2014 में प्रदेश में 13 मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थे जिनकी संख्या आज बढ़कर 218 हो गई है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में 1,420 प्राथमिक मॉडल संस्कृत विद्यालय खोले गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के हर खंड में एक पीएम श्री स्कूल खोला है। इस बार के बजट में घोषणा की गई है कि हर 5 किलोमीटर पर पीएम ट्रिपल ई स्कूल उपलब्ध होंगे ताकि पहली क्लास से बच्चे कौशल सम्पन्न हो सकें।

उन्होंने अपने सम्बोधन में खेल नीति और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धि का उल्लेख भी किया।

----------------------------------------------------------------------------

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जींद शहर में भी तिरंगा पद यात्रा का आयोजन किया गया। रानी तालाब से शहीदी स्मारक तक निकाली गई इस यात्रा को उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज थामे हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। यात्रा के मार्ग में आमजन ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, गौरव और एकजुटता की भावना प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें।

---------------------------------------------------------------------------

देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने तथा आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पलवल जिला प्रशासन द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज बस स्टैंड पर एक प्रदर्शनी लगाई गई।पलवल मे हरियाणा परिवहन के महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।श्री जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में तिरंगे के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान की गई है।

---------------------------------------------------------------------------

कैथल लघु सचिवालय में भी जिला प्रशासन द्वारा आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदर्शनी लगाई गई। कैथल में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में तिरंगे के गौरव, देश की एकता-अखंडता और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे देश में शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान का लक्ष्य हर व्यक्ति में देशप्रेम की भावना को प्रबल करना है।

---------------------------------------------------------------------------

अंगदान के प्रति जागरूकतालाने के लिए देशभर मे 16वें भारतीय अंगदान दिवस पर जुग जुग जिओ अभियान शुरू किया जाएगा।आज इसी उपलक्ष्य में फरीदाबाद स्थित ईएसआईसीमेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंगदानएवं देहदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूकता एवं जिज्ञासा समाधान सत्र के दौरानमेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डीन डॉ.चव्हाण दत्तात्रेय कालिदास, दधीची देह दान समिति से श्री राजीव गोयल, डॉक्टर हेमंतअत्री, डॉ. सांची श्रीवास्तव तथा डॉ. मंजू प्रभु ने लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिकलोगों को अंगदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, फरीदाबाद नगर निगम की मेयर प्रवीन बत्रा जोशी, अर्जुनपुरस्कार विजेता निशानेबाज संजीव राजपूत तथा पैरा ओलंपियन कंचन लखानी सहित अनेक गणमान्य लोगोने शिरकत की।

**कार्यक्रम के दौरान 108 पौधोंका रोपण भी किया गया।**

---------------------------------------------------------------------------

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में काशी स्थित श्री गुरु रविदास जन्मस्थली, सीर गोवर्धनपुर से प्रारंभ हुई पवित्र कलश वंदन यात्रा आज घरौंडा विधानसभा के गांव कम्बोपुरा पहुंची। संत श्री रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया।

श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन मानवता, समानता, सामाजिक समरसता और निष्काम सेवा का प्रेरणा-स्रोत है।उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

उन्होंने कहा कि कलश वंदन यात्रा सामाजिक एकता, राष्ट्रीय भावना व समरस समाज के निर्माण का मजबूत संदेश दे रही है।

---------------------------------------------------------------------------